Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 13-07-2022 | अंक 283
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# पुस्तकालय को दी गई पुस्तक नीट एवम जेईई मेंस परीक्षा के लिए है उपयोगी : ई0 अरविंद ठाकुर

## अचीवर्स क्लासेस ने स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय को किया 101 प्रतियोगी पुस्तक दान, लाभ उठा सकते हैं बच्चे

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर अचीवर्स क्लासेस बरही संस्थान की ओर से लाईब्रेरी को 101 पुस्तक दान की गई। अचीवर्स क्लासेस के निदेशक ई0 अरविंद ठाकुर ने अपने हाथों से पुस्तक लाईब्रेरी के सचिव कृष्णा प्रजापति को सौपा। दान किया गया पुस्तक की जानकारी देते हुए अचीवर्स क्लासेस के निदेशक अरविंद ठाकुर ने बताया कि उपलब्ध कराया गया पुस्तक जेईई मेंस एवम नीट की तैयारी से संबंधित है। कहा कि जो बच्चा जेईई मेंस एव मेडिकल में जाने के लिए नीट की तैयारी करना चाहते हैं, वे लोग लाइब्रेरी आकर पुस्तक से ज्ञान अर्जन कर सकते हैं। सौपे गए पुस्तक में फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथ्स एवम बायोलॉजी से रिलेटेड पुस्तक है। सभी पुस्तक उच्च कोटि के हैं। विद्यार्थीगण इस पुस्तक को पढ़कर आसानी से नीट एवम जेईई मेंस की प्रतियोगी परीक्षा क्रेक कर सकते हैं। सभी पुस्तकें अचीवर्स क्लासेस प्रबंधन के निर्देशन में तैयार की गई है। अचीवर्स क्लासेज की ओर से विद्यार्थियों को भी यही पुस्तक उपलब्ध कराई जाती है। आगे भी पुस्तकालय के विकास में अचीवर्स क्लासेस का अहम योगदान रहेगा। मौके पर मौजूद डॉ सुनील कुमार दत्ता ने कहा कि बरही में अचीवर्स का ब्रांच खुलने से मध्यमवर्गीय परिवार से रिलेटेड बच्चो को नीट एवम जेईई मेंस की तैयारी कराने से सुविधा होगी। लाइब्रेरी के सचिव कृष्णा प्रजापति ने अचीवर्स क्लासेस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अचीवर्स क्लासेस ने पुस्तक दान कर अपनी महानता का परिचय दिया है। पुस्तकालय परिवार अपेक्षा करती है कि पुस्तकालय के विकास में अपना योगदान इसी तरह देते रहे। मौके पर शिक्षक शशि कुमार, सुनील कुमार दत्ता, ब्रजेश उर्फ बबलू ठाकुर, प्रो बद्री साव आदि लोग मौजूद थे।



लाईब्रेरी को पुस्तक सौपते अचीवर्स क्लासेस के निदेशक अरविंद ठाकुर



दिनांक: 13-07-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 02

## पतंजलि के योगाचार्य अनिल मिश्र ने मनाई गुरु पूर्णिमा, कराया गुरु की महत्व से अवगत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



गुरु पूर्णिमा मनाते योगाचार्य अनिल मिश्रा

बरही अब्दुल कलाम पार्क में योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बड़े ही धूम-धाम से गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रों के साथ सभी योग साधक हवन कर अपने गुरुजनो को याद किया। साथ ही योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा एवं त्रिवेणी साहू ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु के बिना ज्ञान नहीं होता। योग साधक सुबह योग प्राणायाम करने के बाद गुरु का भावपूर्ण स्मरण किया,साधको ने विधि विधान के साथ विश्व सुख और शांति की कामना के साथ यज्ञ की आहुति डाली। योग साधको ने योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा जी को भी भेंट स्वरुप अंगवस्त्र से सम्मानित किया। सभी साधक बारी बारी से योग के द्वारा हुए फायदे को बताए,एवं गुरु स्वामी रामदेव जी को नमन किये। इस कार्यक्रम में शामिल हुए,जीतू मधेसिया,चुन्नू केशरी,सह योग शिक्षक संकर साहू,एवं दीपक सोनी,,युराज प्रसाद, सौरभ कुमार,धर्मेंद्र कुमार,दीपक कुमार गुप्ता,ब्रह्मदेव यादव,उमेश दास, घनश्याम यादव,राज कुमार यादव,राज कुमार केशरी,अमित कुमार गौरभ,लोकेश कुमार,मनोज कुमार केशरी,दिलीप कुमार केशरी,मो हाफिज,युशुफ अंसारी,इक़बाल राजा ,रवि कुमार गुप्ता,बलराम केशरी,उदय केशरी,राजेंद्र केशरी,संजय राम,अभय सिंह,मिथलेश कुमार,इत्यादि सैकड़ो लोग शामिल हुए।

## पंचायत समिति की बैठक में योजना चयन को लेकर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बैठक में शामिल पंचायत समिति सदस्य एव प्रमुख उप प्रमुख

बरही प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रमुख मनोज रजक के अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक हुई। जिसका संचालन बरही बीडीओ सी आर इंदवार ने किया। बैठक के शुरुआत में बारी बारी से सभी पंसस ने एक दूसरे को अपना परिचय दिया। तत्पश्चात उपस्थित अधिकारोयों ने अपने विभाग से संबंधित जानक. ारी दिया। प्रमुख मनोज रजक ने सभी पंसस से अपील किया की अपने अपने पंचायत से योजना का चयन कर कार्यालय में जमा करे। ताकि विकास का काम शुरू किया जा सके। मौके पर उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, कलावती देवी, मो तैयब, जितेंद्र कुमार दिव्य, मो यूसुफ, रेखा देवी, अख्तरी खातून, मनोज कुमार यादव, आशा देवी, बसंती देवी, नीलम कुमारी, सहदेव प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे।

## भामाशाह विद्यालय में गुरु पूर्णिमा सह आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन,

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में आचार्यगण का स्वागत करते विद्याथह्नगण

भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में गुरु पुर्णिमा तथा महर्षि वेदव्यास की जयंती सह आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महर्षि वेद व्यास जी के छाया चित्र पर विद्यालय के अध्यक्ष अमित कुमार, प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय , वरिष्ठ आचार्य चंद्रमोहन मिश्र और संजीव सिंह ने संयुक्त रूप से पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया - बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि आचार्य राष्ट्र निर्माण के सारथी हैं, बिना उनके योगदान के शिक्षित समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा गुरुपूर्णिमा व महर्षि वेद व्यास का जन्म दिन जीवन में गुरु एवं शिष्य के बीच के संबंध व महत्व को आने वाले पीढ़ी को बताने के लिए एक आदर्श दिन है। जयंती प्रमुख संजीव जी ने बताया कि प्रथम गुरु हमारे माता-पिता होते हैं। यहीं से बच्चों के पालन पोषण के साथ संस्कारों की शुरुआत होती है। आचार्य चंद्र मोहन मिश्र ने बताया कि महर्षि वेदव्यास के जन्मदिवस को गुरुपूर्णिमा के रूप में मनाते हैं। उन्होंने चार वेदों तथा महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना की। उन्होंने बताया कि गुरु की आज्ञा का पालन करना ही सच्चे रूप से गुरु का सम्मान करना है। मौके पर आचार्यो को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन नेहा मिश्रा के द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर विद्यालय के समस्त आचार्यगण और दीदी जी विशेष रूप से मौजूद थे।

## प्रेस क्लब के विभिन्न पदों के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



नामांकन पत्र खरीदते हुए

हजारीबाग. प्रेस क्लब हजारीबाग 2022 चुनाव को लेकर दो दिनों में अलग-अलग पदों के लिए कुल 29 नामांकन पत्र बिके. चुनावी मैदान में काफी अधिक उम्मीदवारों के नामांकन पत्र लेने से चुनावी सरगर्मी बढ़ गयी है. जैन धर्मशाला बड़ा बाजार परिसर में बुधवार को नामांकन पत्र लेने के लिए पत्रकारों का जमावाड़ा लगा रहा. सभी उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र खरीदने के लिए पहुंच रहे थे. अध्यक्ष एक पद के लिए चार उम्मीदवार पत्रकार उमेश प्रताप, भोलानाथ सिंह, गालिब सिद्दिकी और सहदेव प्रसाद लोहानी ने नामांकन पत्र खरीदा. सचिव एक पद के लिए तीन उम्मीदवार मिथलेश मिश्रा, सुबोध मिश्रा और अमरकांत ने नामांकन पत्र खरीदा. उपाध्यक्ष दो पद के लिए पांच उम्मीदवार उमेश राणा, अभिषेक कुमार, अभय कुमार सिंह, दीपक कुमार, अशोक नाग, संयुक्त सचिव दो पद के लिए छह उम्मीदवार देवनारायण प्रसाद, महेश कुमार मेहता, अविनाश कुमार अंजन, फलक शमीम, नवीन कुमार सिन्हा, अरविंद कुमार है. कोषाध्यक्ष एक पद के लिए अमरनाथ पाठक एक मात्र उम्मीदवार नामांकन किये हैं. कार्यकारिणी सदस्य पांच पद के लिए दस उम्मीदवार बबलू कुमार, अनवर फिदवी, निरंजन कुमार, प्रमोद खंडेलवाल, प्रमोद कुमार उपाध्याय, मो शमीम अहमद, रितेश ठाकुर, संदीप कुमार सिन्हा, रोहित रंजन कुणाल, अमूलचंद पांडेय ने नामांकन पत्र खरीदा. प्रेस क्लब, हजारीबाग चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य 14 से 16 जुलाई 2022 शाम चार बजे तक होगा. 17 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी. इसके बाद नाम वापसी चार बजे तक होगा. 23 जुलाई को गुप्त मतदान से पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा. चुनावी कार्य को पत्रकार दिलीप वर्मा, कुणाल भारद्वाज, अनवर फिदवी, महावीर चौरसिया और मिथुन कुमार महतो संपन्न कराया.



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

# तीन दिनों से विद्यालय में लटका है ताला, मध्यााी भोजन नही बनने की है शिकायत





**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

गावां, गिरिडीह : एक विद्यालय ऐसा भी जहां बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन तो दूर विद्यालय का ताला खोलना भी वहां के प्रधानाध्यापक जरूरी नही समझते है। ऐसा ही कुछ मामला बुधवार को गावां प्रखण्ड के पिहरा पूर्वी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय घाघरा में देखने को मिला जहां विद्यालय के क्लास रूम का ताला नही खुलने के कारण बच्चे विद्यालय के बरामदा में ही समय गुजारने को विवश दिखे। पूछे जाने पर बच्चों ने बताया कि पिछले तीन दिनों से विद्यालय के क्लास रूम समेत किसी भी कमरे का दरवाजा नही खुला है क्योंकि विद्यालय के प्रधानाध्यापक चाभी लेकर पिछले तीन दिनों से गायब है। हालांकि इस दौरान उक्त विद्यालय में मो0 साबिर नामक एक शिक्षक मौजूद थे जिनका कहना है कि मैं प्रतिदिन समय से विद्यालय आ रहा हूँ परंतु प्रधानाध्यापक विद्यालय नही आ रहे है और चाभी उन्ही के पास है जिस वजह से क्लास रूम नही खुल पा रहा है, फलस्वरूप मैं बच्चों को बाहर बरामदा में ही बैठा कर किसी तरह पढ़ाने का काम कर रहा हूँ। उक्त अनियमितता का विरोध करने कुछ अभिभावक भी विद्यालय पहुंचे हुए थे। अभिभावकों एवं बच्चों का कहना है विद्यालय में मध्याह्न भोजन भी नही बनाया जाता है और न ही फल और अंडा जैसे पौष्टिक आहार कभी दिया जाता है। विद्यालय की स्थिति काफी दयनीय है, न ढंग की साफ सफाई है और न ही विद्यालय में कई वर्षो से रंग रोगन का कार्य हुआ है। मतलब विकास फण्ड का उपयोग कहाँ हो रहा है ये जांच का विषय है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मिथलेश कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन सम्पर्क नही हो पाया। इधर बीपीओ गंगाधर पांडेय का कहना है कि आज मैं मीटिंग में गिरिडीह जा रहा हूँ, कल उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यपक से स्पस्टीकरण मांगी जाएगी।

# दो जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पदमा प्रखंड अंतर्गत नचनवे गांव से पुलिस ने एक युवक को दो जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक का नाम विवेक कुमार पांडेय उम्र 26 वर्ष पिता निर्मल कुमार पांडेय इचाक मोड़ निवासी है जुआ खेलने आया था। वहीं आस पास के ग्रामीणों ने युवक के साथ मारपीट कर थाना को सूचना दिया। वहीं जानकारी मिलते ही प्रशासन ने युवक को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया।

APEM LIVE
















डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कुमारी प्रभा वर्मा ने कहा जनसमस्याओं का निराकरण मेरी पहली प्राथमिकता

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला अंतर्गत जमुआ प्रखंड स्थित जमुआ भाग संख्या 13 जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने मिडिया से मुखातिब होते हुए कही कि जिस आशा एवं विश्वास के साथ क्षेत्र की जनता ने मुझे जिला परिषद सदस्य के रुप में जिम्मेवारी दी है उस पर हर सम्भव खरा उतरने का प्रयास करूंगी। इसी कड़ी में विगत दिनों पवित्र धार्मिक स्थल बाबा झारखंडी धाम में जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती मुनिया देवी के भ्रमण के क्रम में यहां की ज्वलंत समस्याओं के तहत् वर्षो बंद पडे सामुदायिक शौचालय एवं चापानल की ओर ध्यान आकृष्ट कराया था जिस पर त्वरित कार्रवाई हेतु पेयजल एवं स्वच्छता विभाग गिरिडीह को निर्देशित किया था। विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए तीन दिनों के अंदर इन समस्याओं का निराकरण किया। क्षेत्र में इस त्वरित समस्या समाधान की जिप अध्यक्ष एवं सदस्य की काफी प्रशंसा हो रही है। जिला परिषद क्षेत्र के लोगों में जिप सदस्य के प्रति एक नई आशा की उम्मीद जगी है।एक अन्य प्रश्न के जवाब में जिप सदस्य ने कही कि झारखंड धाम न्यास परिषद एवं प्रबंधन समिति के पुनर्गठन कि दिशा में शीघ्र ही पहल किया जाएगा ताकि सम्पूर्ण परिषर का सर्वांगीण विकास हो सके एवं आय व्यय पारदर्शिता, समुचित रखरखाव हो सके। नवनिर्मित सरकारी भवनों को आम जनों के लिए विधिसम्मत रूप से आवंटन हेतु उपायुक्त गिरिडीह को पत्र लिखा गया है।इस धार्मिक स्थल के आसपास केआम जनों से अपील करते हुए कहीं कि समस्या समाधान, सफाई एवं सुरक्षा में सहयोग करें।

## झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन डेवलपमेंट यूनिट गिरीडीह झारखंड ने पुरुस्कार वितरित किया






**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**

झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसियेशन विकास इकाई गिरीडीह ने एक चित्रकला प्रतियोगिता करवाई थी । जिसमे एसोसिएशन के अध्यक्ष सहदेव महतो ने यह जानकारी दी कि आज गुरुपूर्णिमा के दिन सभी विद्यालय के बच्चों को पुरुस्कार वितरण किया गया। जिसमे प्रखंड के 50 विद्यालय के बच्चो ने भाग लिया था।और परीक्षा दो सेंटर पर आयोजित हुआ था। जिसमें वर्ग 1 से 5 में प्रथम स्थान पर अंकुश कुमार,दूसरे स्थान पर अनुराधा कुमारी,तीसरे स्थान पर स्नेह कुमारी तथा वर्ग 6 जव 8 में प्रथम स्थान पर सीतल कुमारी दूसरे अस्थान पर उमा कुमारी,तीसरे स्थान पर रवीना कुमारी संघ ने गिरीडीह प्रखंड अंतर्गत । वही संघ के संरक्षक महोदय अजित मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छोटे विद्यालय में कराकर इन बच्चों को प्रतिभा को निखारने का काम संघ के द्वारा चल रही है।जिससे उनका प्रतिभा को निखरा जाए। मौके पर संघ के संरक्षक अजित मिश्रा अध्यक्ष सहदेव महतो,सचिव प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष प्रयाग महतो,विकास वर्मा,परमेश्वर वर्मा,राम वर्मा,गुलमोहमद अंसारी ,परमेश्वर माहतो, विद्यालय के शिक्षक आदि उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा में गुरुपूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया






**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**

बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को गुरुपूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया।प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी,राजीव सिन्हा एवं राजीव रंजन ने संयुक्त रुप से महर्षि वेदव्यास के समक्ष दीप जलाकर पुष्प अर्पित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि आज के दिन की प्रासंगिकता कुछ और है। गुरु-शिष्य परंपरा प्राचीन है।गुरु शब्द अपने आप में व्यापक है। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊपर माना गया है। आज के आधुनिक समय में किसी भी कामयाब व्यक्ति के जीवन पर नजर डालें तो यह स्पष्ट नजर आता है कि उसको सफलता की बुलंदियों पर पहुंचाने में उसके शिक्षक का अनमोल योगदान रहा है।इस महान परंपरा के अंतर्गत गुरु अपने शिष्य को शिक्षा के साथ-साथ अन्य विद्या में भी निपुण करते हैं। उत्सव में बहनों ने सामूहिक गीत और भाव नृत्य प्रस्तुत कर सबों को मंत्रमुग्ध कर दिया।वहीं बहन अरुणिमा राज,मीतश्री,भैया प्रियांशु कुमार,अनमोल मिश्रा ने महर्षि वेदव्यास जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।तनिष्का ने गुरु महिमा पर बधाई गीत प्रस्तुत किया।बच्चों ने महर्षि वेदव्यास जी पर पुष्प अर्पित कर गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा को निवेदित किया।मौके पर प्रबंधकारिणी समिति के सचिव डo पवन मिश्रा एवं उपाध्यक्ष डॉ सतीश्वर प्रसाद सिन्हा ने आचार्य- दीदी एवं कर्मचारियों को वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख अरविंद कुमार त्रिवेदी, अजीत मिश्रा,राजेंद्र लाल बरनवाल,मनीष पाठक, राजेश नंदन,नागमणि सिंह एवं समस्त आचार्य-दीदी का सराहनीय योगदान रहा।

## बरगंडा विद्या मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गिरीडीह नगर के तत्वावधान में गुरुपूर्णिमा सह गुरु दक्षिणा उत्सव मनाया गया





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गिरिडीह नगर के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा सह गुरु दक्षिणा उत्सव मनाया गया।उत्सव की शुरुआत भगवा ध्वज लगाकर भारतमाता,डॉ हेडगेवार एवं गुरु जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। गुरु पूजन का यह कार्य नगर के 7 स्थानों पर संपन्न हुआ। मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड प्रांत के कार्यवाह संजय जी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरा विश्व गुरु-पूर्णिमा उत्सव मना कर अपने गुरु के प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित कर रहा है। संघ व्यक्ति विशेष को नहीं बल्कि भगवा ध्वज को अपना गुरु मानते हुए पूजन कर रहा है। डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में सन1925 के विजयादशमी के दिन संघ की स्थापना की थी।संघ के तपनिष्ठ साधना को लेकर संघ वर्ष भर में छह उत्सव का आयोजन करता है जिसमें गुरु पूर्णिमा उत्सव सबसे महत्वपूर्ण है।हम 2025 में संघ की स्थापना का शताब्दी वर्ष मनाने जा रहे हैं। झारखंड में संघ का कार्य सन् 1940 से प्रारंभ हुआ है।शताब्दी वर्ष पर हम सभी को मंडल स्तर तक दैनिक शाखा, साप्ताहिक मिलन का कार्यक्रम करना है। संघ कार्य का विस्तार करने वाला ही स्वयंसेवक है और यह कार्य संघ के नित्य शाखा से प्रारंभ होता है।कहा कि देश की सुरक्षा के प्रति संघ हमेशा चिंता व्यक्त करता रहा है।आज हमें बाहरी विरोधियों से नहीं बल्कि आंतरिक विरोधियों का डटकर मुकाबला करना है। उपस्थित स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज को नमन कर गुरु पूजन सह गुरु दक्षिणा किया।अंत में संघ प्रार्थना से उत्सव का समापन हुआ। कार्यक्रम में जिला संघचालक बृजनंदन प्रसाद,सह विभाग कार्यवाह मुकेश रंजन सिंह, व्यवस्था प्रमुख संजीव शर्मा, धर्मवीर,राजेश शर्मा,संतोष खत्री, सुजीत तर्वे,अमित सिन्हा, शिवनंदन कुशवाहा,प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी सहित काफी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।




## गावां में उप प्रमुख कार्यालय का किया गया उद्घाटन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बुधवार को उप प्रमुख कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यालय का उद्घाटन मंत्रोचारण कर व नारियल फोड़कर एवं माले नेता नागेश्वर यादव, बैजनाथ यादव और उप प्रमुख नेहा कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी महेन्द्र दास, गणेश यादव ,जितेंद्र राम, ललित पांडे, हरी यादव, मनोहर लाल यादव आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बिरनी प्रखण्ड के प्रमुख,उपप्रमुख ने अधिकारियों को लगाई फटकार

### मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे विधायकः-विनोद कुमार सिंह





**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में बुधवार को सभी पंचायतों के मुखिया एवं पंचयात समिति सदस्यों को बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से बगोदर विधानसभा के विधायक विनोद सिंह , प्रमुख रामु बैठा, उप प्रमुख शेखर शरण दास, बीडीओ सुनील वर्मा, सीओ अशोक राम, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र यादव उपस्थित रहे । अध्यक्षता कर रहे विद्यायक विनोद सिंह ने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को जीत की बधाई दिया । बैठक में उपस्थित सभी विभाग के प्रमुख कर्मचारियों ने प्रखण्ड में चल रहे योजनाओं के बारे में बताया एवं यह योजना आम जनता को कैसे मिले इसकी चर्चा की गई। प्रमुख रामु बैठा ने कहा कि जनवितरण प्रणाली में गड़बड़ी एवं मध्यान भोजन की राशि वितरण में गड़बड़ी की लगातार शिकायत होने के बाद भी सम्बन्धित विभाग की नजर इस ओर नहीं है। उन्होंने एमओ अनूप सिंहा एवं बीईओ किशोर कुमार को फटकार लगाते हुए जल्द से जल्द उन शिकायतों पर काम करने की सलाह दिया। वहीं विधायक विनोद सिंह ने भी इन विभाग की क्लास लगाई। उन्होंने बीईओ किशोर कुमार को फटकार लगाते हुए कहा यह तो ठीक उसी तरह है जैसे कोई चोरी किया, पकड़ा गया तो चोरी का सामान लौटा देंगे यह कैसी कारवाई है । उन्होंने कहा जिस स्कूल में मध्यान भोजन की राशि वितरण में गड़बड़ी हुई है तत्काल वहां के प्रबंधन समिति को बदलें एवं वहां के प्रधानचार्य को दूसरे विद्यालय में स्थान्तरण करें। उन्होंने कहा पहले प्रखण्ड में सिर्फ एक +2 उच्च विद्यालय था हाल में ही पेशम उच्च विद्यालय को +2 उच्च विद्यालय में बदला गया है अब वहां भी इंटरमीडिएट की पढ़ाई होगी। उन्होंने कहा कपिलो एवं सारंडा उच्च विद्यालय को भी +2 उच्च विद्यालय में बदलने की योजना है विभाग को इसकी सूचना की गई है जल्द ही वहां भी इंटरमीडिएट की पढ़ाई शुरू होगी। वहीं अरारी पंचयात की शिकायत थी कि यह पंचयात ड्राई जॉन में आता है इसलिए यहां पानी की समस्या है । इस सम्बंध में विधायक ने स्पस्ट करते हुए कहा कि अरारी में बोरिंग की स्वीकृति हो गई है जल्द ही बो. रिंग करवाई जाएगी । स्थानीय जनप्रतिनिधि वहां स्थान तय करें । 33 स्थानों पर बोरिंग किया जाना है । इस अवसर पर सभी पंचायत के मुखिया, पंचयात समिति सदस्य एवं सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## पानी के अभाव में धान की बुआई करना तो दूर की बात, धान के बिचड़े भी झुलसने लगे हैं





**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी क्षेत्र के अलग-अलग हिस्से में बीते चार-पांच दिनों से भीषण गर्मी एवं वर्षा नहीं होने के कारण धान की खेती करनेवाले किसानों में हाहाकार मचना शुरू हो गया है। किसानों ने खाद, बीज का इंतजाम कर खेतों की जुताई बुआई की थी। इन दिनों मानसून के प्रवेश के बावजूद बीते दो सप्ताह से बारिश नहीं होने के कारण फसलों पर असर पड़ रहा है। किसान तेज धूप में आसमान की ओर देखते हुए देखकर निराश हो रहे हैं। पिछले सप्ताह के दो-चार दिनों को छोड़ दें तो मौसम काफी तल्ख ही रहा। आषाढ़ में भी सूरज आंखे तरेर रहा है। ऐसे में उमस भरी गर्मी का सितम जारी है। गर्मी से निजात के लिए बारिश का इंतजार कर रहे लोगों को किसी भी हाल में राहत नहीं मिल रही है। मानसून के आरंभ में महज दो-चार दिन हल्की बारिश हुई थी। इसके बाद किसानों ने महंगी दर पर बीज खाद खरीद कर धान के बिचड़े की बुआई की थी। लेकिन बिन पानी के धान के बिचड़े पीले पड़ने लगे हैं। कहीं-कहीं मोटर पंप सेट से किसान खेतों में पानी डाल रहे हैं। लेकिन तेज धूप के कारण खेतों में पानी नहीं ठहर रहा है। बता दें कि इस बार जून माह की शुरुआत में बारिश होने से किसानों में उम्मीद जगी थी कि अबकी बार उनकी खरीफ की फसल ठीक होगी। इसके बाद किसानों ने खाद, बीज का इंतजाम कर खेतों की जुताई बुआई की थी। किसानों ने बताया कि अगले 10 दिनों के अंदर वर्षा नहीं होने से धान का खेती किसानों के लिए सिर दर्द हो सकता है। नतीजतन क्षेत्रीय किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं कि वर्षा कब होगी। 8 किसानों कि अगर मानें तो अगले एक सप्ताह के अंदर वर्षा नहीं होती तो किसानों के लिए धान की खेती करना परेशानी का सबब होगा। बता दें कि धान की रोपाई जुलाई माह में ही होती है। जबकि धान की खेती के लिए 30 से 40 सेंटीमीटर पानी की जरूरत होती है।

## पचंबा थाना के पास चला वाहन जॉच अभियान

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला अन्तर्गत पचंबा थाना के सामने परिवहन विभाग की ओर से सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर प्रेमरंजन उरांव ने बताया कि आज करीब बीस हजार से अधिक की राशी फाइन के रुप में वसूली गई। दो पहिया वाहन चालकों को फाइन काटकर कड़ी हिदायत दी गई की घर से वाहन लेकर निकले तो हेलमेट पहने और वाहन के सारे जरूरी कागजात साथ में रखे साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस भी लेकर वाहन चलाएं। सघन जांच अभियान का नेतृत्व डीएसपी संजय कुमार राणा खुद कर रहे थे। आज के इस जांच आभियान में कई विद्यार्थी जो परीक्षा केंद्र पर वाहन से बगैर हेलमेट पहने गए थे उन सभी का फाइन वसूला गया और हिदायत दी गई की दुबारा ऐसी गलती नहीं करे। ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने यह भी कहा कि किसी किसी लापरवाह वाहन चालक जो बगैर हेलमेट, लाइसेंस पकड़ा जाता है तो कई जनप्रति. निधि पैरवी करने लगते हैं। ऐसा नहीं होना चहिए क्योंकि इससे वाहन चालकों की लापरवाही बढ़ती चली जाती है और एक न एक दिन सड़क दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। जिन वाहन चालकों की पैरवी आती है वे सुधरने के बजाय और लापरवाह हो कर रोड में वाहन दौड़ाते है क्योंकि उसे पता होता है कि मुझे जब भी ट्रैफिक इंस्पेक्टर वाहन को पकड़ते हैं मुझे छुड़ाने वाले आसानी से मिल ही जाते हैं।

## चौपारण प्रमुख, बीडीओ व जीप सदस्य ने किया उद्यमिता विकास पखवाड़ा का उदघाटन





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

जेएसएलपीएस द्बारा आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव के के अवसर पर उद्यमिता विकास पखवाड़ा का आयोजन नगर भवन चौपारण में किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी, बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा, जिला परिषद सदस्य भाग रवि यादव, विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, ने सामूहिक रूप से किया। कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए जेएसएलपीएस प्रबंधक मुकेश करमाली ने बताया प्रखंड में कुल 6 संकुल है जिसमें लगभग 27,000 महिलाएं जुड़ी हैं। उन्होंने बताया कि सखी महिला मंडल ग्रुप के द्वारा महिलाओं की आजीविका वृद्धि को बढ़ाने पर काम किया जा रहा है। कहा बैंक के माध्यम से महिला समिति को ऋण भी दिया जा रहा है। साथ ही सखी मंडल के सदस्यों को उद्यमिता विकास के लिए प्रखंड स्तर से चयनित कर उद्यम विकास से सं. बंधित प्रशिक्षण प्रदान की जा रही है जिससे सभी दीदी एक सक्षम व्यवसाय का संचालन करने के लिए उत्सुकता दिखा रही है। बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा ने कहा कि महिला समूह के द्बारा महिलाओं का विकास हो रहा है। महिला आत्मनिर्भर बन रही हैं। सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को लेकर सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। महिलाओं द्वारा अपने उत्पादक संघ के द्वारा की जाने वाली व्यवसाय जैसे कागज का पतल निर्माण, चूड़ी निर्माण, निमकी निर्माण, कपड़ा सिलाई, मशरूम उत्पादन, हार्डेनिंग सेंटर सोनाली नस्ल के चूजा पालन का प्रदर्शनी भी लगाया गया था। इस कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक उद्यम निधि के लिए 41 लाख 50 हजार, उत्पादक संघ निधि के लिए 68 लाख और मुद्रा लोन के लिए 40,0000 का डमी चेक संबंधित समूहों के सदस्यों को प्रदान किया गया।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## शिक्षक संघ प्रतिनिधि मंडल ने गिरिडीह विधायक से मिल बधाई दी

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल आज प्रातः स्थानीय गिरिडीह के विधायक माननीय सुदीव्य कुमार सोनू से उनके निजी आवास पर मिलकर उन्हें बधाई दी और उनका आभार जताया। उल्लेखनीय है कि झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ ने 2 महीने पहले गिरिडीह जिले में सेवारत माध्यमिक शिक्षकों की सेवा पुस्तिका और सेवा संपुष्टि जो लंबित था के निष्पादन के लिए ज्ञापन दिया था। तत्काल माननीय विधायक में संज्ञान लेते हुए उपायुक्त गिरिडीह को लिखित निदेश आवश्यक कार्यवाही के लिए दिया और या लंबित काम जिला शिक्षा पदाधिकारी के स्तर से जिला स्थापना समिति में उपायुक्त महोदय के समक्ष रखा गया और संपुष्टि हेतु उसे अनुमोदित किया गया साथी जिले में सेवारत और कई सेवानिवृत्त हो चुके उच्च विद्यालय के शिक्षकों के वेतनमान का मुद्दा पिछले 15 वर्षों से चल रहा है इन्हें लेकर भी माननीय विधायक के प्रयास से जिला स्थापना समिति ने इस पर अपनी सहमति जताई है और अब उम्मीद है बहुत जल्द वेतन वेतनमान के लाभ के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्रवाई करेंगी आग्रह किया गया कि इस सेवा संपुष्टि में किसी भी शिक्षक का नाम छूटे नहीं इसलिए जिला शिक्षा पदाधिकारी से आवश्यक कार्य के लिए बात की जाएगी प्रतिनिधि मंडल में संघ के जिला सचिव मोहम्मद अख्तर अंसारी मुन्ना प्रसाद कुशवाहा मि. थुन राज और राजेश प्रसाद सिंह मौजूद थे

## मध्य विद्यालय बेरहाबाद में वितरण किया एमडीएम की राशी

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला अंतर्गत जमुआ प्रखंड के बेरहाबाद पंचायत में संचालित मध्य विद्यालय बेरहाबाद में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, संयोजिका सुनीता देवी और सदस्यों की उपस्थिति में विद्यालय सचिव शिवनंदन कुमार ने विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच एमडीएम की राशि वितरित की गई। आज कई विद्यार्थियों के अभिभावक भी उपस्थित रहे और अपने बच्चों को एमडीएम राशी दिलवाया और संतुष्ट नज़र आए।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कान्हाचट्टी के द्वारा मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव

### कार्यक्रम में उमड़ी भीड़,पत्रकार प्रमोद कुमार सिंह ने किया अपने गुरु को सम्मानित






**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी :–राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कान्हाचट्टी ने गुरु पूर्णिमा के शुभ मौके पर गुरु पूजन किया ।साथ ही साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कान्हाचट्टी ने भगवा ध्वज पूजन कर गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया ।इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता हजारीबाग विभाग के सम्पर्क प्रमुख सुबोध सिंह शिवगीत एवं मुख्य शिक्षक कमांडो रजक साथ ही भगवा ध्वज पूजन के लिये आये जिला परिषद सदस्य सह जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी जी एवं 270 स्वयंसेवको ने पूजन में भाग लिया। भगवा ध्वज की विशेषता एवं भारत को अखण्ड बनाने का मंत्र देते हुए सुबोध सिंह शिवगीत ने समाज से उच्च–नीच का भेद खत्म करने का आग्रह किया, अंत मे सबो ने भारत माता का प्राथना भी किया ।वहीं कान्हाचट्टी पत्रकार प्रमोद कुमार सिंह ने अपने प्रथम गुरु युगेश्वर दाँगी को अंग वस्त्र देकर समानित किया ।साथ मे गुरु जी को चरण सपर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।मौके पर शिक्षक युगेश्वर दाँगी ने कहे कि गुरु का स्थान सरवोपरि है ।लेकिन वर्तमान समय मे अधिकांस शिष्य गुरुजनों को सत्कार करना भूल गए है लेकिन इस युग मे मुझे मेरे शिष्य ने सम्मानित किया ये गुरु और शिष्य के बंधन को पहले वाला आधार को बरकरार कर दिए हैं ।मौके पर दर्जनो लोग शामिल थे।







